प्लेटफ़ॉर्म पर अचानक गिरे गार्ड, मौत

हृदय घात की संभावना, ड्यूटी पर जाने के दौरान हुई घटना

नवभारत न्यूज

सतना 7 जून, रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह ड्यूटी पर जाने की तैयारी कर रहे ट्रेन मैनेजर यानी गार्ड अवनीश कुमार पटेल (34) की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। प्लेटफॉर्म पर गिरने के बाद उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अवनीश कुमार पटेल की रविवार सुबह करीब 8:30 बजे प्लेटफॉर्म नंबर-2 से यार्ड में

खड़ी मालगाड़ी लेकर छिवकी जाने की ड्यूटी थी। वे ड्यूटी के लिए प्लेटफॉर्म पर मौजूद थे, कुछ पल असहज महसूस होने के बाद देखते ही देखते वे अचानक वहीं गिर गए।

घटना देखकर वहां मौजूद यात्रियों ने तत्काल रेलवे कर्मचारियों को सूचना दी। कर्मचारियों ने बिना देर किए उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद जीआरपी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

फतेहपुर में रहता है परिवार

पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है।अवनीश कुमार पटेल का परिवार फर्तेहपुर में रहता है। सूचना मिलते ही परिजन सतना के लिए रवाना हो गए। जीआरपी के अनुसार, परिजनों के पहुंचने तक शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया गया है। उनके आने के बाद पंचनामा और अन्य कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

आज होगा नशामुक्ति जनजागरूकता प्रशिक्षण

सतना 7 जून, नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिले में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 8 जून 2026 को प्रात: 9 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगा। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सतना ने बताया कि यह प्रशिक्षण म.प्र. जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी), भोपाल के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के चयनित 卐मास्टर वालिंटियर्स卐 को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो आगे समाज में नशामुक्ति के संदेश का प्रसार करेंगे।

विंध्य में दीर्घावधि औसत से 123 फीसदी अधिक बारिश

जून के प्रथम सप्ताह के जारी आंकड़ों में रीवा में 61 प्रतिशत कम वर्षा

नवभारत न्यूज

सतना 7 जून. मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जून के प्रथम सप्ताह में रीवा को छोड़कर विंध्य में दीर्घावधि औसत से 123.4 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई. जबकि इसी दौरान रीवा में दीर्घावधि औसत से 61 प्रतिशत कम बारिश आंकी गई.

मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जून के प्रथम सप्ताह में सिंगरौली में दीर्घावधि औसत की तुलना में 298 प्रतिशत अधिक बारिश हुई, जो कि समूचे विंध्य में सबसे अधिक पाया गया. जिसके बाद दूसरे स्थान पर सतना रहा, जहां पर दीर्घावधि औसत से 144 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज हुई. इसी कड़ी में सीधी जिले में भी जून के प्रथम सप्ताह में औसत से 90 फीसदी अधिक बारिश हो गई. इसके अलावा मैहर में 47 प्रतिशत तो मऊगंज में 38 प्रतिशत औसत से अधिक वर्षा देखने को मिली. गौरतलब है कि समूचे विंध्य में केवल रीवा जिला ऐसा रहा जहां पर जून के प्रथम सप्ताह में दीर्घावधि औसत से 61 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई. जबकि इसी अवधि में पूर्वी मप्र में दीर्घावधि औसत से 40 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई.

दसवें दिन 40 पार पहुंचा पारा

मई माह के उत्तरार्ध में जबरदस्त हीट वेव ने जनजीवन को हलाकान कर रखा था. 29 मई से मौसम में कुछ नरमी नजर आई और दिन का तापमान 45.1 से सीधे घटकर 39.5 डिग्री पर पहुंच गया. जिसके बाद अगले 3-4 दिनों तक हुई बारिश ने भीषण गर्मी से काफी हद तक राहत दे दी. आलम यह रहा कि पिछले 9 दिनों तक पारा 39 डिग्री तक भी नहीं पहुंचा. लेकिन रविवार को एक बार फिर से गर्मी से असर दिखाना शुरु किया और तापमान 40.2 डिग्री पर पहुंच गया. मौसम विभाग के अनुसार स्थानीय प्रभाव की सक्रियता से भले ही कुछ स्थानों पर हवा के साथ बूंदाबांदी हो जाए. लेकिन अगले कुछ दिनों तक तापमान में एक बार फिर से बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी.

आबकारी अधिकारी का बंगला बना चर्चा का विषय

आबकारी अमले के लिए बना ऐशगाह

नवभारत न्यूज

सतना 7 जून, शहर की सबसे पाश कालोनी सिविल लाइंस में बीती रात जो भी घटा.पिछले चौबीस घण्टे से शहर में लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है.कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक बंगले से चंद कदमों की दूरी में बने इस सरकारी निवास पर फिलहाल जिला आबकारी अधिकारी का निवास है.जो वर्तमान में पूर्व अधिकारी के स्थानातरण के बाद रिक्त है.

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शनिवार की रात इस बंगले को लेकर सोशल मिडिया में जो सूचनाओं का दौर शुरू हुआ वह देर रात किसी न किसी रूप में जारी रहा.प्रारम्भिक तौर पर यह बताया गया कि चौकीदार के फोन पर विभाग का पूरा अमल बंगले पर रात में ही पहुचा था.हालांकि बाद में चौकीदार ने ऐसे किसी भी घटनाक्रम से इन्कार करते हुए बताया कि एक गाड़ी आयी थी.जिसमें कौन लोग थे यह नहीं समझ आया.उस गाड़ी मे सवार लोग बाहर से ही वापस लौट गए.इस घटनाक्रम के बारे में बाद में विभागीय सूत्रों ने बताया कि जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम का तबादला कटनी जिले के लिए हो गया है.फिलहाल उन्होने अपना निवास कटनी को ही बना लिया है.

नए अधिकारी की पदस्थापना नहीं होने के कारण इस बंगले को विभाग ने अभी अपने पजेशन में ले रखा है.बताया गया है कि वर्तमान में इस खाली बंगले का इस्तेमाल आबकारी विभाग के निरीक्षक राकेश अबधिया और उनके करीबी सेवानिवृत्त आरक्षक धर्मराज सिंह अनैतिक कार्यों के लिए कर रहे थे.चर्चा यह है कि सेवानिवृत्त आरक्षक को निरीक्षक अपने सभी नैतिक अनैतिक कार्यों में संलग्न रखते हैं शनिवार को इन दोनों के साथ किसी महिला को भी बंगले के आसपास देख गया.इस घटना को कुछ लोगों ने मोबाइल में कैद कर लिया.इसके बाद सोशल मीडिया में उसे रंगमिजाजी और ऐशगाह के रूप में प्रचारित करने लगे.हालांकि बाद में मामले के तूल पकडने पर विभाग के अन्य अधिकारियों ने भी बंगले का निरीक्षण कर इस बात की अनाधिकृत तौर पर पुष्टि की है कि बंगले में ऐसा कुछ भी नहीं था.जिसकी चर्चा की जा रही है.

चोरी करने घुसे थे लेकिन नींद ने बिगाड़ा खेल..!

- एसी-कूलर के गोदाम में सोता मिला चोर, मालिक ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

नवभारत न्यूज

सतना 7 जून, शहर में चोरी की एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने पुलिस के साथ-साथ शहरवासियों को भी हैरान कर दिया। खेरमाई रोड स्थित एसी-कूलर के एक गोदाम में चोरी करने पहुंचे बदमाशों में से एक आरोपी वारदात के दौरान ही गहरी नींद में सो गया।

सुबह जब गोदाम मालिक दुकान खोलने पहुंचे तो चोर को अंदर आराम से सोता देख वह भी हैरान रह गए। प्राप्त

जानकारी के अनुसार, खेरमाई रोड स्थित बिहारी ट्रेडर्स के गोदाम को रविवार रात चोरों ने निशाना बनाया। बदमाश छत के रास्ते अंदर दाखिल हुए और एसी के आउटडोर यूनिट को क्षतिग्रस्त कर गोदाम में प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने टीवी, एसी, कूलर समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लाखों रुपये का माल समेट लिया। चोरी के इस घटनाक्रम के दौरान एक आरोपी अपनी कमर सीधी गोदाम के फर्श पर लेटा, लेकिन थकान की वजह से उसे नींद आ गई और वहीं पर ही सो गया। उसके साथी तो चोरी का सामान लेकर मौके से फरार हो गए, जबकि वह वहीं बेखबर पड़ा रहा। सोमवार सुबह जब गोदाम संचालक बिहारी ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान पर पहुंचे और ताला खोला तो अंदर एक युवक को सोते देखकर दंग रह गए। उन्होंने तत्काल आसपास के लोगों को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

फरार आरोपियों की तलाश जारी

प्रारंभिक जांच में युवक के चोरी की वारदात में शामिल होने की बात सामने आई है। पुलिस उससे फरार साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। साथ ही चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। इस अनोखी घटना की चर्चा पूरे शहर में हो रही है। आमतौर पर चोरी के बाद आरोपी पुलिस से बचने के लिए भाग निकलते हैं, लेकिन यहां एक चोर अपनी ही लापरवाही और गहरी नींद के कारण सीधे पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

छुट्टियां खत्म आज से लौटेंगे शिक्षक

नवभारत न्यूज

सतना 7 जून, जिले में ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद स्कूलों के नियमित संचालन की तैयारियां शुरू हो गई हैं. जिला शिक्षा अधिकारी सतना/मैहर ने आदेश जारी कर सभी शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों और प्रधानाध्यापकों को शासन के निर्देशानुसार स्कूल संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.

जारी आदेश के अनुसार शिक्षकों का ग्रीष्मकालीन अवकाश पहले 31 मई 2026 तक निर्धारित था, जिसे लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा बढ़ाकर 7 जून 2026 तक किया गया था. इसके चलते 8 जून से जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षक एवं कर्मचारी अपनी सेवाएं देना शुरू करेंगे. आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश 15 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा. ऐसे में आगामी सप्ताह स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति के साथ नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियां की जाएंगी. जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद विद्यालयों का संचालन शासन द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार नियमित रूप से किया जाए. साथ ही पूर्व में तापमान वृद्धि के कारण जारी स्थानीय आदेशों को अब प्रभावी नहीं माना जाएगा और सभी विद्यालयों में सामान्य गतिविधियां सुनिश्चित की जाएंगी.

अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने तैयारी बैठक आज

सतना 7 जून, जिले में आगामी वर्षा ऋतु में अति वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारी के लिये बैठक कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 8 जून को प्रात: 10.30 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर सतना ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में जानकारी सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

ननि ने अतिक्रमण मुक्त कराया बालकिशन वाटिका की भूमि को

नवभारत न्यूज

सतना 7 जून, निगमायुक्त डॉ. शेर सिंह मीना,आयुक्त के निर्देश पर रविवार को बालकिशन वाटिका की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई।

एसडीएम राहुल सिलाडिया के नेतृत्व में नगर निगम के अतिक्रमण विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त अमले ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जों को

हटाते हुए संपूर्ण भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। उल्लेखनीय है कि 9 मई को संबंधित अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन से समय का अनुरोध किया गया था। प्रशासन द्वारा पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने के बाद भी निर्धारित समयावधि में अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके पश्चात नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण अधिकारी दीपक बागरी, टीआई राघवेन्द्र द्विवेदी, पुलिस विभाग एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। संयुक्त अमले ने अवैध निर्माण एवं कब्जों को हटाकर भूमि को उसके मूल स्वरूप में बहाल किया। पूरे अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा तथा कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

अतिक्रमण स्वीकार नहीं

अभियान के उपरांत बालकिशन वाटिका की संपूर्ण शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर प्रशासन के नियंत्रण में लिया गया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक उपयोग एवं शासकीय प्रयोजनों के लिए सुरक्षित भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में आगे भी सख्ती के साथ निरंतर कार्रवाई की जाएगी।

आम जनता को महंगाई का एक और झटका, घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29रु. महंगा

- आधी रात से लागू हुईं नई दरें, 5 किलो वाले सिलेंडर पर भी बढ़े दाम

नवभारत न्यूज

सतना 7 जून,सरकारी तेल कंपनियों ने बीती आधी रात से घरेलू रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी का फैसला किया है। इस नए फैसले के तहत 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में रु.29.00 की सीधी बढ़ोतरी की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, नई दरें 07 जून 2026 की आधी रात से ही पूरे देश में प्रभावी हो गई हैं। सरकार ने न केवल बड़े घरेलू सिलेंडर बल्कि गरीब और मध्यम वर्ग के बीच लोकप्रिय 5 किलोग्राम वाले छोटे एलपीजी सिलेंडर को भी महँगा कर दिया. महीने की शुरुआत में ही रसोई गैस के दाम बढ़ने से गृहणियों का बजट पूरी तरह से डगमगा गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पहले से ही खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे आम जनता परेशान हो रही है और घर और व्यापार चलाना मुश्किल हो गया है. हालांकि, पेट्रोलियम कंपनियों का तर्क है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव के चलते यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया था।

चुपके से बढ़े दाम

जनता को महंगाई से राहत देने के बजाय, आधी रात को चुपके से एलपीजी के दाम बढ़ा दिए जाते हैं। रुपए 29 की यह बढ़ोतरी तुरंत वापस ली जानी चाहिए, नहीं तो हम सड़कों पर उतरेंगे।

बिपिन द्विवेदी,व्यापारी

मुश्किले बढ़ती जा रही हैं

हम जैसे छात्रों और अकेले रहने वाले लोगों के लिए 5 किलो वाले सिलेंडर पर ?10.50 बढ़ना भी बहुत बड़ी बात है। हर महीने जेब खर्च संभालना वैसे ही मुश्किल है, अब खाना बनाना भी और महंगा हो गया।

शिवम मिश्रा,छात्र

सैलरी वही खर्च दो गुना

सैलरी बढ़ती नहीं है, लेकिन टैक्स और महंगाई रोज़ बढ़ रहे हैं। 14 किलो वाले पर 29 रुपये और 5 किलो वाले पर भी साढ़े दस रुपये बढ़ा दिए। ये सीधे-सीधे आम आदमी की थाली पर डाका है।

मोहित पटेल

एक नजर में

जन सहयोग से बनेगा बच्चों का आश्रय स्थल

सतना। सेवा भारती सतना की वार्षिक आमसभा उतैली स्थित मातृछाया भवन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। आमसभा में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विन्ध्य क्षेत्र में एक समर्पित आश्रय स्थल के निर्माण एवं संचालन को लेकर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े गणमान्य नागरिकों, सेवा भारती पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता करते हुए इस महत्वपूर्ण सामाजिक अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।सभा की अध्यक्षता करते हुए प्रदीप सक्सेना ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि विन्ध्य क्षेत्र में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए कोई समुचित आश्रय स्थल उपलब्ध नहीं है.

नुवोको विस्टास में दो छात्रों का चयन

सतना। ए.के.एस. विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर प्लेसमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। देश की अग्रणी निर्माण सामग्री एवं सीमेंट कंपनी नुवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने विश्वविद्यालय के बी.टेक. (सिविल इंजीनियरिंग) के दो छात्रों का चयन टेक्निकल सेल्स ट्रेनी पद के लिए किया है। चयनित छात्रों में दिव्यांश पाण्डेय एवं धीरेंद्र खटीक शामिल हैं। दोनों छात्रों को 4.50 लाख रुपये वार्षिक वेतन पैकेज प्रदान किया गया है। कंपनी द्वारा दिव्यांश पाण्डेय की पदस्थापना जयपुर तथा धीरेंद्र खटीक की पदस्थापना रतलाम में की जाएगी।

जिला कांग्रेस पूर्व सैनिक की कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज

सतना 7 जून, जिला कांग्रेस कमेटी शहर कार्यालय में रविवार को पूर्व सैनिक विभाग की नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा की गई। शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी की अध्यक्षता और जिला कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष जय कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान विधानसभा प्रभारी आनंद शुक्ला, कैप्टन दयानिधि तिवारी और लेफ्टिनेंट लखेश्वर सिंह ने भी उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित कर संगठन की मजबूती पर बल दिया। जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा, देश की सीमा पर शौर्य का परचम लहराने वाले हमारे पूर्व सैनिक अब समाज और संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस के साथ खड़े हैं। जिला कांग्रेस कमेटी शहर प्रवक्ता अमित गोयल ने कहा पूर्व सैनिक विभाग की यह नई टीम ऊर्जा और अनुभव का बेहतरीन संतुलन है। आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग सतना के अध्यक्ष संजय तिवारी ने किया।

कार्यकारिणी में जिन्हें मिला स्थान

अध्यक्ष- संजय तिवारी उपाध्यक्ष- संजय सिंह, जय कुमार मिश्रा, मनोज कुशवाहा महासचिव- छोटेलाल यादवसचिव- राम सिंह कुशवाहा, दिनेश मिश्रा, राजेश दहिया कोषाध्यक्ष- सुनील मिश्रा कार्यालय मंत्री- बृजेश कुशवाहा मीडिया प्रभारी- ज्ञानेंद्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य- अर्जुन सोनी, राजेश कारपेंटर, प्रकाश द्विवेदी, रामराज साकेत, रजनीश पांडे, गुलाब कुशवाहा, दया निधि तिवारी, विकेंद्र सिंह, हरी सिंह, सुनील द्विवेदी, सुनील तिवारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए।

आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन 30 तक

सतना 7 जून, मध्यप्रदेश राज्य के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 25 मई 2026 से 30 जून 2026 तक ऑनलाइन पंजीयन एवं त्रुटि सुधार कर सकते हैं, जबकि संस्था एवं ट्रेड के लिए चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया 1 जून से 30 जून 2026 तक जारी रहेगी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि सतना जिले के अंतर्गत सतना, उचेहरा, बिरसिंहपुर, बरौंधा, रामपुर बघेलान एवं नागौद में शासकीय आईटीआई संचालित हैं।

जल संरक्षण नहीं किया तो भविष्य संकट में : गणेश

नवभारत न्यूज

सतना 7 जून, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रविवार को जनपद पंचायत ऊचेहरा के पोड़ी गरादा में आयोजित कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत कर सराहनीय कार्य किया है। पिछले वर्ष शुरू हुए इस अभियान के सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि पुराने

कुएं, बावडियों और तालाब लगातार उपेक्षा के कारण समाप्त होते जा रहे हैं। नदियों के उद्गम स्थल भी संकट में हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ वे टमस नदी के उद्गम स्थल पर गए थे, जहां नदी पूरी तरह सूखी हुई मिली। सांसद ने कहा कि यदि बरसात के पानी को नहीं रोका गया तो भविष्य में जल संकट निश्चित रूप से बढ़ेगा। सांसद ने कहा कि भोजन और ऑक्सीजन के लिए तो वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है.

धवारी स्टेडियम खोलने की मांग को लेकर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

सतना 7 जून, धवारी स्टेडियम को खिलाड़ियों के लिए पुन: खोलने की मांग को लेकर आज रविवार को धवारी स्टेडियम के मुख्य द्वार पर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों द्वारा सांकेतिक धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

धरना-प्रदर्शन में शामिल प्रतिभागियों ने अपनी आंखों पर काली पट्टी बांधकर प्रशासन का ध्यान खिलाड़ियों की समस्याओं की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों का कहना

था कि धवारी स्टेडियम लंबे समय से खिलाड़ियों के लिए बंद होने के कारण उन्हें नियमित अभ्यास और खेल गतिविधियों में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खिलाड़ियों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने के लिए बाध्य होना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान खिलाड़ियों ने मांग की कि धवारी स्टेडियम को शीघ्र खिलाड़ियों के लिए खोला जाए तथा खेल गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित किया जाए। धरने के दौरान उपस्थित अंकित रॉकी शर्मा ने कहा कि खेल मैदान केवल एक स्थान नहीं बल्कि खिलाड़ियों के सपनों, मेहनत और भविष्य का आधार होते हैं। यदि खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए उचित सुविधाएं नहीं मिलेंगी तो जिले की खेल प्रतिभाएं प्रभावित होंगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा व्यक्त की तथा चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखा जाएगा।

अमृत महोत्सव में निकली संत शोभायात्रा

सतना। भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण के बीच आयोजित भक्ति अमृत महोत्सव के अंतर्गत महंत स्वामी खिम्यादास राष्ट्रीय अध्यक्ष अ,भा,स संत समाज, महंत स्वामी ईश्वरदास उदासीन की गरिमामय में उपस्थिति में रविवार माधव गुणवंती हाल से भव्य श्री संत शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा में सतना चित्रकूट मैहर रीवा से पधारे संत-महात्माओं के दिव्य सान्निध्य एवं हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता ने नगर को भक्तिमय बना दिया। ,पूरे मार्ग पर "जय श्री राम", "राधे-राधे" एवं हरिनाम संकीर्तन की गूंज से वातावरण धर्ममय हो उठा. सुसज्जित रथों पर विराजमान पूज्य संतों के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।